卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 335 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦12 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने दी 142 पीएम श्री स्कूलों की सौगात

देहरादून(उद संवाददाता)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को देहरादून पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास पर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और नई शिक्षा नीति समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। वहीं, उन्होंने नूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में विद्या समीक्षा केंद्र का लोकार्पण किया। साथ ही 142 पीएम-श्री स्कूल व तीन नेताजी सुभाष



चंद्र बोस आवासीय छात्रावासों का शिलान्यास किया। वहीं, मुख्यमंत्री धामी ने उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति योजना और उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया प्रदेश में पहले से 11 जिलों में आवासीय छात्रावास चल रहे हैं। सीएम और केंद्रीय शिक्षा मंत्री, एनडीए, आईएमए कैडेट पुरस्कार योजना के तहत प्रदेश से इस वर्ष चयनित कुल 77 कैडेट्स को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी गई।

## अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

रामनगर (उद संवाददाता)।अतिक्रमण के नाम पर किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नगर में सड़कों पर उतरकर जुलूस प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के




खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में सैकड़ों लोग रेलवे स्टेशन के समीप एकत्रित हुए जहां से यह सभी लोग जुलूस निकालते हुए वन परिसर पहुंचे (शेष पृष्ठ सात पर)

## गंदे नाले में मिला युवक का शव

**सोमवार शाम से गायब था, दौरे के कारण पानी में डूबने की आशंका**

काशीपुर(उद संवाददाता)। मोहल्ला अल्ली खां के समीप स्थित एक नाले में सुबह सवेरे युवक के शव पड़े होने की सूचना में इलाके में सनसनी मचा दी। पुलिस को जैसे ही इसका पता चला उसने मौके पर पहुंचकर पानी से शव को बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त मोती मस्जिद के पीछे मोहल्ला अल्ली खां निवासी इरशाद 30 वर्ष उर्फ छोटू पुत्र इसरार अहमद के रूप में की। माना जा रहा है कि मृतक को दौरे की बीमारी होने के कारण उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद इस परिजनों की सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला अल्ली खां निवासी इसरार अहमद का 30 वर्षीय पुत्र इरशाद घर के समीप स्थित मस्जिद के पास कीमा कबाब के लिए मीट की पिसाई करने का काम किया करता है। परिजनों ने बताया कि वह गत सोमवार को लगभग 4:30 बजे से घर से गायब था। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की लेकिन युवक का कहीं कोई पता नहीं चला। आज सुबह लगभग 10:45 बजे बांसफोड़ान चौकी पुलिस को सूचना मिली कि काली बस्ती से होकर गुजरने वाले गंदे नाले में एक युवक का शव पड़ हुआ है। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पानी से बाहर निकलते हुए उसकी शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक अविवाहित था। दो भाइयों में वह छोटा था। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है।

## कार की टक्कर से छात्रा की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में अब लोगों का प्रात:काल टहलना भी असुरक्षित हो गया है। कब कौन तीव्र गति से जाता वाहन टक्कर मार दे इसका भी पूरा ध्यान रखना पड़ रहा है। मुखानी थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वाक कर रही एक छात्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थी इस दौरान एक अनियंत्रित कार ने उसे तेज टक्कर मारी, जिसमें छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर मारने के बाद कार चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार धारचूला पिथौरागढ़ निवासी आशा यहां एमबीपीजी कॉलेज में पढ़ाई करती थी। प्रात: जब वह घर से मॉर्निंग वॉक करने निकली उसी दौरान तेज गति से जाती कार के अज्ञात चालक ने उसे पीछे से जोर से टक्करमार दी। जिससे वह छिटककर दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। रह गुजरते लोगों ने घायल छात्रा को108 एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कार को कब्जे में लिया तथा मृतका के परिजनों को मामले से अवगत कराया। पुलिस फिलहाल कार चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिडकुल में ट्रक ने साईकिल सवार गार्ड को रौंदा,मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में नैनीताल हाइवे पर तेज गति से जाते ट्रक ने साईकिल सवार गार्ड को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव एवं ट्रक को कब्जे में लेकर ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ताड़ीखेत रानीखेत निवासी 43 वर्षीय बालिराम पुत्र लीला राम ट्रांजिट कैंप स्थित में किराए के मकान में रहता था। (शेष पृष्ठ सात पर)

## दोस्त ने दगा देकर ठग लिए एक लाख रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपने ही दोस्त ने विश्वासघात कर दोस्त से एक लाख रूपये की ठगी कर ली। आई जी के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में सन्तोष सिंह निवासी फुलसूंगा ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसके मित्र कमल किशोर भट्ट निवासी हरिपुर नायक, नैनीताल ने ऑनलाइन शाप व्यवसाय के नाम पर झूठ बोलकर उससे 14 मार्च2023 को एक लाख रुपए लिए और 17 मार्च को किसी कम्पनी का बेकार सामान खरीदने में लगा दिए। जो उसके किसी काम का नहीं है। कमल ने सामान खरीदने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरेआम युवती पर धारदार हथियारों से हमला,गंभीर

किच्छा(उद संवाददाता)। वार्ड 11 में घर से दुकान पर सामान लेने गई युवती पर पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन से अधिक लोगों ने हमला कर घायल दिया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जगतार सिंह पुत्र जगमोहन सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपियों ने युवती के अपहरण का भी प्रयास किया। युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में युवती गंभीर रुप से घायल हो गई। शोर होने के बाद तमाम लोगों के पहुंचने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना में घायल युवती को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने के चलते परिजन युवती को इलाज के लिए दिल्ली ले गए। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 11, नई सुनेहरी, किच्छा निवासी जगतार सिंह पुत्र जगमोहन सिंह ने बताया कि विगत दिवस शाम करीब 7 बजे उनकी 23 वर्षीय बहन घर के निकट स्थित दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते वार्ड 11 निवासीगण राजेश चौहान, श्रीमती शकुंतला चौहान, दीपक चौहान, दिया चौहान, कन्हैया चौहान, सुनील चौहान सहित तीन चार अज्ञात लोगों ने पूजा को रास्ते में घेर लिया और उसके अपहरण का प्रयास किया। आरोप है कि पूजा के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए चाकू व धारदार गंडासे से पूजा पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में धारदार हथियार लगने से पूजा की आंख, सिर तथा शरीर (शेष पृष्ठ सात पर)

**रस्म पगड़ी**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी **श्री नरेश छाबड़ा जी** का स्वर्गवास दिनांक 10.9.2023 को हो गया है,जिनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 13.9.2023 दिन बुधवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (पाँच मंदिर), रूद्रपुर में संपन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

नेहा-योगेश ग्रोवर (पुत्री-दामाद)
गौरवी, माइशा (पौत्री)
प्रतिष्ठान: अंशुल ट्रेवल्स, रूद्रपुर
**श्रीमती शशि छाबड़ा ( पत्नी )**
अंशुल छाबड़ा 'बंटी'-मिन्नी(पुत्र-पुत्रवधू)
शिवम छाबड़ा-मानवी (पुत्र-पुत्रवधू)
**एवं समस्त छाबड़ा व तनेजा परिवार**
फोन: 97603 87500, 96342 65000, 90846 65000

# 'मदरसा माफियाओं' की कठपुतली बनी 'नौकरशाही'?

**सरकार को गुमराह करने के फिराक में उधम सिंह नगर के हाकिम, मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद पूरी नहीं की जा रही मदरसों की जांच**

■ **अर्श**

रूद्रपुर। उत्तराखंड निर्माण के बाद यद्यपि उधम सिंह नगर जिले के प्रशासन के स्वरूप में कई आमूल- चूल परिवर्तन देखने में आए हैं, लेकिन तमाम प्रशासनिक सुधारो के बावजूद जिले की नौकरशाही का चरित्र एवं कार्यशैली एवं प्रशासनिक कामकाज संपादित करने की रफ्तार आज भी कमोबेश परंपरागत ही है । ऐसा लगता है जैसे जिले की नौकरशाही ने 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' वाली कहावत को अपनी कार्यशैली में पूरी तरह आत्मसात कर







रखा है । जिले की नौकरशाही की मनमर्जी एवं कार्य संपादन की सुस्त रफ्तार का आलम इन दिनों कुछ ऐसा है कि उधम सिंह नगर के हाकिम कई बार तो नौ दिन में अढ़ाई कोस चलते भी नहीं नजर आते। नौकरशाहों की बेहद सुस्त कार्यशैली का जीता जागता नमूना हाल ही में उधम सिंह नगर जिले में संचालित 113 मदरसों की जांच के संबंध में देखने को मिला है। बताना होगा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उधम सिंह नगर जिले सभी ब्लॉकों में संचालित मदरसों की सूक्ष्म जांच करने के आदेश दिए थे। मुख्यमंत्री का आदेश आज से लगभग 3 माह पूर्व जिला मुख्यालय को प्राप्त हुआ था। आगे चलकर आदेश के अनुपालन का दायित्व जिला अल्पसंख्यक विभाग को सौंपा दिया गया और अल्प संख्यक विभाग ने मद्रास की जांच का भार सातों ब्लॉक के बीडीओ (शेष पृष्ठ 7 पर)

# प्रदेश में जड़ी-बूटी उत्पादन, इको टूरिज्म, हर्बल और एरोमा पर्यटन को बढ़ावा दिया जाये : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश में जड़ी-बूटी, इको टूरिज्म, हर्बल और एरोमा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सम्बन्धित विभागों एवं हितधारकों के साथ बैठक कर इस व्यवसाय में आ रही समस्याओं और सरकार द्वारा दिये जाने वाले सहयोग के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रकृति ने जड़ी-बूटियों से भरपूर वन सम्पदा और इसके उत्पादन के लिए उचित प्राकृतिक वातावरण दिया है, जिसे प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं प्रदेश की आर्थिकी बढ़ाने में उपयोग किया जा सकता है। मुख्य सचिव ने इसकी पॉलिसी तैयार करते समय सभी हितधारकों के अच्छे सुझावों को शामिल करते हुए एक ऐसी पॉलिसी तैयार किए जाने के निर्देश दिए जिससे एक सकारात्मक माहौल तैयार हो। उन्होंने आमजन में जड़ी-बूटियों और औषधीय पादपों के सम्बन्ध में छोटे-छोटे वीडियोज के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक वन मेलों का आयोजन कर अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि वन पंचायतों में जड़ी-बूटी उत्पादन के साथ ही वैल्यू एडीशन एवं अन्य प्रकार के कार्यों के लिए स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को भी शामिल किया जाए। उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में खाली पड़ी बंजर जमीनों में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जाए और जड़ी-बूटी, इको टूरिज्म, हर्बल और एरोमा पर्यटन को बढ़ावा देने, इस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को शामिल करते हुए शोध एवं विकास की दिशा में भी कार्य किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस क्षेत्र में स्टार्टअप को भी बढ़ावा दिए जाने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन मैकेनिज्म तैयार किया जाए। उन्होंने उत्पादन से लेकर मार्केटिंग आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी तैयार कर सभी को प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस की प्रक्रिया को भी सरलीकृत किया जाए एवं मार्केटिंग और रिटेल आउटलेट को भी अधिक से अधिक बढ़ाया जाए। बैठक के दौरान हितधारकों की ओर से भी अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, एपीसीसीएफ श्री जी.एस. पाण्डे, सचिव श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, निदेशक सेंटर फॉर एरोमैटिक प्लांट डॉ. निर्पेन्द्र चौहान सहित अन्य हिताधारक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# राजस्थान और उत्तराखण्ड, वीरों एवं बलिदानियों की भूमि : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सूरतगढ़, श्री गंगानगर राजस्थान में सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए कहा कि राजस्थान और उत्तराखण्ड, वीरों एवं बलिदानियों की भूमि है, ये बात हमारे सैनिकों ने अब तक हुए सभी युद्धों में सिद्ध की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड और वीरभूमि राजस्थान सांस्कृतिक रूप से एक दूसरे के पूरक रहे हैं। उत्तराखण्ड ने आध्यात्मिक क्षेत्र में जहां दुनिया को एक नई राह दिखाने का कार्य किया है, वहीं राजस्थान की महान धरती प्राचीनकाल से ही अपनी अद्धितीय सांस्कृतिक विरासत रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सैनिक की वीरता तथा उनके परिजनों का संघर्ष भी देखा है। एक सैनिक जीवन में संघर्ष के बावजूद दृढ़ता पूर्वक अपने देश के स्वाभिमान को बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। सैनिकों के प्रति हमारी सरकार का समर्पण किसी से छिपा हुआ नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश मजबूत हाथों में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। दिल्ली में तीन दिवसीय जी-20 के सम्मेलन में भारत ने अपनी शक्ति और सामर्थ्य का परिचय संपूर्ण विश्व को कराया है। वह दिन अब दूर नहीं जब भारत पुन: विश्व गुरु के पद पर आरूढ़ होगा।



# डेंगू नियंत्रण सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी

## डेंगू मरीजों से ज्यादा वसूली पर 50 हजार से दो लाख तक जुर्माना

देहरादून। डेंगू की रोकथाम के लिए देहरादून में चार दिन तक महाभियान चलाया जाएगा। डेंगू के हॉट स्पॉट इलाकों में मंगलवार से अभियान की शुरुआत की जाएगी। जिसमें स्वास्थ्य, नगर निगम, जिला प्रशासन की संयुक्त टीमें डेंगू से प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर मच्छरों के लार्वा नष्ट करने की कार्रवाई करेगी। जिन क्षेत्रों में 10 डेंगू मरीज मिलते हैं, उन क्षेत्रों को कंटेनमेंट जोन बनाकर निगरानी की जाएगी। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नामित होंगे। सोमवार को सचिवालय में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने डेंगू रोकथाम की समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिलाधिकारी सोनिका से डेंगू नियंत्रण पर फीडबैक लेकर हॉट स्पॉट इलाकों पर चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि सभी विभाग सामूहिक रूप से चार दिन देहरादून में रोकथाम के लिए महाअभियान चलाएंगे। जिले में चिकित्सा अधिकारियों और आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जन जागरूकता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशा वर्करों को पैरासिटामोल के साथ लार्वा नष्ट करने के लिए लार्वा साइडल दवा भी दी जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह, निदेशक चिकित्सा शिक्षा आशुतोष सयाना, सीएमओ डॉ. संजय जैन, राज्य संचरण परिषद के निदेशक डॉ. अजय नगरकर, कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम डॉ. पंकज सिंह मौजूद थे। स्वास्थ्य सचिव ने डेंगू महामारी रोकने को सभी विभागों को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य, नगर निगम, शिक्षा, लोक निर्माण, पेयजल समेत अन्य विभागों को मिलकर कार्य करने को कहा गया है। जिन स्थानों पर चेतावनी के बाद भी पानी जमा होने से डेंगू मच्छर पैदा होने की स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं, ऐसे संस्थानों व लोगों पर जुर्माना लगाया जाए। स्वास्थ्य सचिव ने जिले की सभी स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, आवासीय समितियों से आग्रह किया है कि वे आगे बढ़कर डेंगू मुक्ति अभियान का हिस्सा बनें। सभी समितियां अपने-अपने इलाकों में लोगों को जागरूक लार्वा नष्ट करने को सफाई अभियान चलाएं। सचिव ने कहा कि किसी भी निजी और सरकारी अस्पताल में डेंगू मरीजों से जांच और प्लेटलेट्स के लिए ज्यादा वसूली की जाती है तो उस पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत 50 हजार से दो लाख रुपये तक जुर्माना तक लगाया जाएगा।

# बार डांसर हत्याकांड मामले में पुलिस ने किया लेफ्टिनेंट कर्नल को गिरफ्तार

देहरादून। रायपुर हत्याकांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित आर्मी अधिकारी बताया जा रहा है। वहीं मृतका नेपाल की निवासी है। बीते रविवार को एक युवती का शव लावारिश हालत में रायपुर क्षेत्र के सोडा सरोली में पड़ा मिला था। पुलिस द्वारा दी जानकारी के मुताबिक मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया की आरोपित रामेंदु उपाध्याय (42) निवासी प्रेमनगर पंडितवाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल है। उसकी तैनाती



देहरादून के क्लेमेंट टाउन में है। जबकि युवती बार डांसर है। युवती मूल रूप से नेपाल की रहने वाली है। आरोपी रामेंदु उपाध्याय और युवती के बीच अवैध संबंध थे। दोनों की मुलाकात 2020 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में हुई थी। युवती एक डांस बार सिटी सेंटर मॉल में बार डांसर की नौकरी करती थी। युवती सैन्य अधिकारी से शादी करने की चाह में देहरादून आई थी। आर्मी अधिकारी युवती से छुटकारा पाने से लिए उसे घुमाने के बहाने थानों रोड पर ले गया। वहां पहुंचकर उसने युवती की हत्या कर दी और शव को सड़क के किनारे फेंक दिया।

# घर में खाने को लेकर हुए विवाद के बाद युवक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मै जा रहा हूं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। घर में आए दिन खाने को लेकर होने वाले विवाद से खफा होकर 19 वर्षीय युवक ने छत पर एंगल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मृतक युवक ने फांसी लगाने से पूर्व अपने परिवार के लिए अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक भावुक सुसाइड नोट भी लिखा है। भोटियापड़ाव चौकी पुलिस के अनुसार वैलेजालीलॉज निवासी राजा (19 वर्ष) पुत्र केवल कारों में डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था। बताया जाता है कि खाना बनाने को लेकर उसके घर में अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार रात भी घर में इसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद राजा खाफा होकर खाना खाकर छत पर चला गया और लोहे के ऐंगल के सहारे छत पर फंदा डाल फांसी लगा ली। सुबह जब राजा घर में कहीं दिखाई नहीं दिया तो परिजन उसकी खोजबीन करते छत पर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा राजा का शव लोहे के एंगल से झूल रहा था। यह देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जाता है कि राजा ने जान देने का फैसला करने के बाद अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट अपलोड की। जिसमें उनसे लिखा कि मैं जा रहा हूं, आप लोग आपस में लड़ना मत।

# मां वैष्णो देवी दरबार की झांकी के दर्शन करने पहुंचे सैकड़ों भक्त

## श्री शिव शक्ति मंदिर सभा एवं युवा मंच ने किया अतिथियों का भव्य स्वागत,आज अंतिम दिन उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिव शक्ति मंदिर आवास विकास में श्री शिव शक्ति मंदिर सभा एवं युवा मंच द्वारा श्री माता वैष्णो देवी की झांकी का गत रात्रि उद्घाटन वरिष्ठ समाज सेवी इंद्र जैन और कमल किशोर लूथरा के परिवार ने संयुक्त रूप से और पूजा अर्चना कर किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में आईजी डॉक्टर नीलेश आनंद भरणे, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पंजाबी सभा के प्रदेश महामंत्री सुधांशु गाबा, वरिष्ठ समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा लकी, समाजसेवी हैप्पी तलवार ने सपरिवार रहकर माता का आशीर्वाद लिया। सभी अतिथियों को मंदिर सभा के अध्यक्ष पवन वर्मा और युवा मंच के अध्यक्ष गगन दुनेजा द्वारा दरबार की यात्रा करवाई गई। जिसमे मुख्य रूप से कटरा से होते हुए, बाणगंगा, चरण पादुका, गर्भ जून गुफा से निकल कर हाथी मत्था से होते हुए गुफा में प्रवेश कर माता का आशीर्वाद लिया। माता के चरणों में नमन किया और फिर आगे की यात्रा करते हुए भैरव जी के दर्शन कर यात्रा पूर्ण की।अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि यहां आकर ऐसा लग रहा है की माता वैष्णो दरबार की यात्रा करने हम जम्मू कश्मीर आ गए हैं। वहां की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा युवा मंच द्वारा जो प्रयास किया गया है इससे हमारे समाज को ताकत मिलती है और हमारा हिंदू समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें याद है आज से 15 साल पहले पांच मंदिर में ऐसी झांकियां का आयोजन किया जाता था। उसके बाद अब यह आयोजन आवास विकास श्री शिव शक्ति मंदिर सभा और श्री शिव शक्ति युवा मंच ने बीड़ा उठाया है जो बहुत ही सराहनीय है। डॉक्टर नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि युवा मंच द्वारा जो प्रयास किया गया है लोगों को माता वैष्णो दरबार के दर्शन करने का वह बहुत ही सराहनीय है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एक जागरूकता मिलती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों का मंचन होता रहना चाहिए। जो लोग माता वैष्णो दरबार नहीं जा सकते उनको यही माता के दर्शन करने का करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि माता का दरबार बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है। इस मौके पर सभा के महामंत्री अभय गोयल, युवा मंच के सरपरस्त विकास भल्ला, सौरभ राज बेहड़, अमित वर्मा, राजेश कामरा, नितिन वर्मा, सत्यम अरोड़ा, संजीव छाबड़ा, करन आनंद, मानस दुनेजा, गौतम बत्रा, साहिल बत्रा, पारस अरोड़ा, हर्षित पसरीचा, सुमित वार्ष्णेय, तेजस गाबा, रवि अग्रवाल, सुमित अरोड़ा, चिराग भटेजा, आशीष सुखीजा, डॉक्टर गौतम, विकास वर्मा, अनंत बिश्नोई, कुणाल खुराना, संप्रीत गोलू, महंत श्री आनंद कुमार, देवेंद्र कुमार और अनिल कुमार बिल्ला आदि मौजूद थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# केंद्रीय राज्यमंत्री भट्ट का काफिला रोका

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जर्जर हो चुकी सड़क की समस्या को लेकर लेकर खेड़ा के लोगों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का काफिला रोक लिया। कालोनी के लोगों ने केंद्रीय मंत्री को सड़क की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया है। सोमवार को खेड़ा कालोनी स्थित सुपर इंटर कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जा रहे केंद्रीय पर्यटन व रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट काफिला जैसे ही साईं मंदिर के सामने गली पहुंचा तो लोगों ने सड़क बनवाए जाने की मांग की मांग की। अचानक काफिला रुकने से साथ में चल रहे अधिकारी सकते में आ गए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने लोगों की पीड़ा सुनी और सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। वार्ड नंबर 19 खेड़ा साईं मंदिर के सामने जाने वाली सड़क की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। इसको लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने प्रयास किया लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो सका। लोगों को केंद्रीय पर्यटन व रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी मिली तो लोग एकत्रित हो गए। तभी लोगों ने उनको रोक लिया और अपनी समस्या बताई। लोगों ने बताया कि रोजाना बच्चे टुकटुक से स्कूल जाते हैं और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण कई बार इसके पलटने का अंदेशा बना रहता है। निगम में कई बार सड़क को बनाए जाने को लेकर मांग की गई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि जल्द ही सड़क को बनाए जाने का काम शुरू होगा। बाद में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंच केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डा.अरविंद सक्सेना, डॉ अजीत हलदार,सुमित नारंग,डा. तजेंद्र, मुन्नी सक्सेना, गीता यादव, प्रकाश, राजू चौहान, सुनील यादव, विनोद कुमार, विजय कुमार, गुरनाम सिंह, विष्णु,देव कुमार आदि मौजूद थे।



# वसूली के लिये भेजा 2.75 लाख का फर्जी नोटिस

## 20 दिन से अधिक बीतने के बाद भी पुलिस ने नही की कार्रवाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला विकास प्राधिकरण के नाम से जनपद मुख्यालय रुद्रपुर में डाक के माध्यम से एक फर्म को फर्जी नोटिस जारी कर दिया गया। इसकी जैसे ही विभाग को भनक लगी तो विभाग में हड़कंप मच गया। प्राधिकरण के सचिव ने कार्रवाई को कोतवाली में शिकायत पत्र दिया। कोतवाली पुलिस का आलम यह है कि 20 दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। नोटिस प्राधिकरण के सायक सचिव के नाम से जारी किया गया है। जनपद में आये दिन नए नए कारनामे सामने आते रहते है, लेकिन जिले में एक अनोखा फर्जीबाड़ा सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक कुछ जालसाजों ने जिला विकास प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर नाम से फर्जी नोटिस बना अकबर टूल स्टोर नामक फर्म को जारी कर दिया। नोटिस 27 जुलाई 2023 व पत्रांक संख्या 178/23 को बकायदा प्राधिकरण के सायक सचिव के नाम से जारी कर दिया। नोटिस में रुद्रपुर के गांधी कालोनी अकबर टूल स्टोर को डाक के माध्यम से भेजा गया था। उसमें शातिराना अंदाज में अवैध निर्माण पर आपके विरुद्ध नजूल भूमि अधिनियम एक्ट 2016 धारा 138 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई करने व जुर्माने की राशि के रूप में 2 लाख 75 हजार की धन वसूली करने की कार्रवाई का नोटिस दिया गया। बताया जा रहा है कि नोटिस को भेजे गए पते पर कोई नहीं मिला तो नोटिस डाक विभाग ने प्राधिकरण को वापस कर दिया था। नोटिस को देख प्राधिकरण में हड़कंप मच गया।प्राधिकरण के सचिव एनएस नबियाल ने इस मामले में कार्रवाई को 19 अगस्त 23 को एसएसपी, जिलाधिकारी कार्यालय व रुद्रपुर कोतवाली में शिकायती पत्र रिसीव करवाया। सूत्रों की माने तो लगभग 20 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे है? इधर एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी से इस मामले में जानकारी चाही तो उनका कहना था कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। कोतवाल अवकाश पर हैं। उनके वापस आने के बाद ही जानकारी मिल सकेगी। वहीं जिला विकास प्राधिकरण सचिव एनएस नबियाल ने बताया कि किसी ने फर्जी तरीके से प्राधिकरण के नाम नोटिस जारी किया है जोकि जिस नाम से नोटिस जारी किया गया है सायक प्राधिकरण नाम का उनके ऑफिस में कोई पद नहीं है।जिस वक्त ये लेटर आया था,उसी समय ही इसकी शिकायत पुलिस को दे दी गयी थी।जब भी प्राधिकरण कोई नोटिस जारी करता है, तब उससे पहले एक सर्वे किया जाता है। वही उन्होंने इस तरह के मामलो से सावधान रहने की अपील की है।

# सुचेतना संस्था ने मनाया बालिका दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सुचेतना समाज सेवा संस्था की ओर से बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान दीपक मिश्रा, सेंट मैरी की सिस्टर सुपीरियर एलिजाबेथ, सुचेतना समाज सेवा की सुपरवाइजर सपना, आंगनवाड़ी कार्यकत्री बसंती, आशा कार्यकर्ती गायत्री ने शुभारमी किया। सर्वप्रथम सभी किशोरियों को तिलक लगाकर सम्मान के साथ हाल में बिठाया गया इसके बाद सभी मुख्य अतिथियों को फूल देकर स्वागत किया गया। अतिथियों को भी तिलक लगाया गया। फिर दीप प्रज्वल कर प्रार्थना डांस के साथ प्रोग्राम की शुरुआत करते हुए अनेक बालिकाओं ने अपने अनुभव भाषण नाटक प्रस्तुत किया। मेहंदी और राखी प्रतियोगिता के साथ ही भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया। सिस्टर एलिजाबेथ ने बालिकाओं को घरेलू हिंसा बाल विवाह और शिक्षा पर जागरूक किया।



# वोटर चेतना महा अभियान का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने वार्ड नंबर 3 गदरपुर थाना गेट के सामने वोटर चेतना महा अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में विधानसभा गदरपुर वोटर चेतना महा अभियान कार्यक्रम संयोजक नरेश हुड़िया ने भी संबोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा या 1 जनवरी सन 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अपना वोट बनवा सकते हैं या जो लिंक आया है ऑनलाइन अपने घर बैठकर अपना वोट बनवा सकते हैं। इसके लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनी भुसरी ने कहा लोकतंत्र देश हित के लिए अपना वोट बनाना जरूरी है उसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों से 18 वर्ष उम्र पूर्ण होने पर अपना वोट बनवाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# शिवम चतुर्वेदी के लेफ्टिनेंट बनने पर ग्रामीणों ने किया अभिनंदन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। समीपवर्ती गांव फौजी मुटकोटा के युवा शिवम चतुर्वेदी के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर तमाम ग्रामीणों ने उनका अभिनंदन किया और उन्हें बुके भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। फौजी मटकोटा के पूर्व ग्राम प्रधान रहे स्वर्गीय राकेश चतुर्वेदी और विजया चतुर्वेदी के पुत्र शिवम चतुर्वेदी ने गत दिनो भारतीय सेना में पास आउट किया और वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद तैनात हो गए ।ट्रेनिंग पूरी करने को पश्चात उन्हें गुवाहाटी असम में नियुक्ति मिली है। जैसे ही यह समाचार लोगों को ज्ञात हुआ तो तमाम लोगों ने उनके निवास पहुंचकर उनका स्वागत किया। भूरारानी के पार्षद मोहन खेड़ा के नेतृत्व में तमाम ग्रामीण उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि यहां का युवा भारतीय सेना का अभिन्न हिस्सा बन चुका है जो देश की रक्षा करेगा। इस दौरान शिक्षक नेता गुलाब सिंह सिरोही, मुकेश चतुर्वेदी, रामकिशन खेड़ा,गुलशन जुनेजा, रोशन कालडा, गिरधर सिंह ,रघुराज, रावत, कैलाशपुरी, देवेंद्र बिष्ट विजय मौर्य समेत तमाम ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ शिवम का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य कामना की।

# शबद कीर्तन के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के नए स्वरूप का किया प्रकाश

गदरपुर(उद संवाददाता)। नजदीकी ग्राम राजपुरा फॉर्म के प्राचीन गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र नवीन स्वरूप शब्द कीर्तन एवं अरदास के उपरांत प्रकाशित किए गए । गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब कमेटी द्वारा उपलब्ध कराए गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप का विधिवत प्रकाश किया गया श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारक हरजिंदर सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में छह गुरु साहिबान ,15 भक्त ,11 भट्ट एवं तीन गुरुसिखों की वाणी दर्ज है सर्व धर्म के लिए गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश करके गुरबाणी जाप करना हर प्राणी का आत्मिक शांति के लिए फर्ज बनता है । ग्राम रोशनपुर के ग्रंथी भाई जुझार सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास तथा गुरबाणी के मुख वाक्य की व्याख्या की गई । सिख मिशनरी कॉलेज सर्किल गदरपुर के देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब जी के उपदेशों को आत्मसात करते हुए गुरबाणी के प्रमाण देकर सरबत के भले की कामना की गई । साथ ही गुरुद्वारों में सुरक्षा के लिए रात्रि के समय विद्युत उपकरणों को बंद रखने तथा धनराशि की गुल्लक की संभाल किए जाने का भी आह्वान किया गया । सिख रहित मर्यादा के पालन के लिए भी जागरूकता अभियान चलते हुए पुस्तकों का वितरण किया गया । इस मौके पर भाई खुशहाल सिंह,ज्ञान सिंह बठला ,राजेंद्र सिंह,श्याम दास चंद, टालाराम, हरनाम चंद,लेखराज, बलवीर चंद ,लाभ चंद ,सुखदेव कंबोज,पूरन चंद,बलदेव राज, राजेश कुमार ,धीरज चंद, राजकुमार, जीत राज ,बलवंत कंबोज, परविंदर कंबोज,हरनाम सिंह, कृष्णा बाई, हरो बाई,सरस्वती, सुखजीत कौर ,नीलम रानी, कृष्णाबाई, रेखा रानी, मोनिका, नीरज, लीलावती, जमुना बाई सहित तमाम संगत मौजूद रही ।



# रूद्रपुर में निकलेगी जनपद स्तरीय पोषण जागरूकता रैली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण माह 2023 हेतु जिला स्तरीय समिति की समन्वय बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री विशाल मिश्रा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने पोषण माह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के साथ इस वर्ष की पोषण माह थीम पर चर्चा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पोषण माह की थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है, जिसके अंतर्गत विशेष स्तनपान और पूरक आहार, स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन जीवन के माध्यम से पोषण में सुधार, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय क्षेत्रों में पोषण केंद्रित जागरूकता कार्याक्रम एवं गतिविधियां, एनीमिया टेस्ट, ट्रीट, टॉक, जल संरक्षयण, पोषण में मोटे अनाजो की भूमिका, स्थानीय मोटे अनाज के प्रति जागरूकता, पोषण मेला, पोषण रथ, टीकाकरण, अन्नप्राशन, हाइजीन आदि को लेकर आंगनबाड़ी केन्द्रों, परियोजनाओं विद्यालयों में ब्लाक एवं जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पोषण माह के अंतर्गत 13 सितम्बर, 2023 को कलेक्ट्रेट परिसर से गांधी पार्क तक जनपद स्तरीय पोषण जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पोषण माह में सभी गतिविधियों का आयोजन बेहरीन तरीके से किया जाए साथ ही पोषण माह के संदर्भ में कार्य करने वाले सभी विभागों में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों/ कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इस के साथ ही पोषण माह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वाले बाल विकास अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, परियोजना, ब्लाक एवं जिला स्तर पर अधिकारियों और कार्मिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा कुपोषण मिटाने और पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष 1 से 30 सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक रैली, प्रतियोगिताओं, सेमिनार, मंचन, परामर्श आदि के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं जन सामान्य को पोषण से जुड़े तथ्यों और आवश्यकता के विषय में जागरूक किया जाता है। बैठक में शिक्षा विभाग से जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी निपिन कुमार, जिला क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद यसीन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनन्तपाल सिंह बिष्ट, उपमुख्य चिकित्साधिकारी एस. पी. सिंह, सहायक जिला पंचायत अधिकारी श्री महेश कुमार, सुपरवाइजर श्रीमती नीलम नाथ, ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउन्डेशन से मोहित सक्सेना, सहित राष्ट्रीय पोषण मिशन जिला समन्वयक श्रीमती बबिता मौर्य, जिला परियोजना सहायक श्रीमती मेघा यादव, मिशन शक्ति किशन सिंह मेहरा, सोनाली जौहरी, श्रीमती सुषमा, एवं अन्य कार्मिक मौजूद रहे।



# गेंद निकालने के लिए कालीदाह में कूदे श्री कृष्ण

## रासलीला मंचन के पंचम दिवस अरोरा परिवार ने की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन धर्म युवा मंच द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित प्रभु श्री कृष्ण की लीला मंचन के पंचम दिवस की लीला का शुभारम्भ मुख्य यजमान के रूप में रमेश लाल अरोरा, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कांता अरोरा, राजकुमार अरोरा, रमा अरोरा, सुमित अरोरा, पुनीत अरोरा, सार्थक अरोरा, नैतिक अरोरा, आयुष अरोरा, प्रिया अरोरा, राणो छावड़ा, रेनू अरोरा, सान्या अरोरा, अर्पित अरोरा, आस्था अरोरा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।। पं. कैलाश चन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी वृन्दावन के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण की लालाओं को देख उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। श्री कृष्ण के भजनों को सुनकर सारे भक्तजन भक्ति में मग्न होकर नाचने लगे। श्री कृष्ण लीला के पंचम दिवस पर कलाकारों ने मंच पर लीला के माध्यम से दिखाया कि कालिया मर्दन, भगवान देव ऋषि नारद आकर के कंस की मती को फेरते हैं और एक करोड़ नीलकमल के फूल कालिदह से मंगाए जाते हैं। जब यह संदेश ब्रज में पहुंचता है तो माता यशोदा पिता नंद व्याकुल होते हैं। समस्त बृजवासी सोचनीय अवस्था में आ जाते हैं। अत: भगवान श्याम सुंदर खेलने के बहाने समस्त ग्वाल वालों के साथ कालीदह पर खेलने जाते हैं। वहां गेंद का खेल खेलते हैं। भगवान के हाथों से गेंद कालीदह में गिर जाती है। यही भगवान की लीला है। उस गेंद को लेने के लिए भगवान श्याम सुंदर कालीदह में कूद जाते हैं समस्त ब्रज मंडल शोक में डूब जाता है कि वह ऐसी जगह पर गया है जहां से लौटना संभव नहीं है। किंतु प्रभु की लीला कालिया नाग को नाथ करके समस्त बृजवासियों को सुख देते हैं। दिव्य रासलीला को देख जनता भाव विभोर हो उठी और आनंदित में होकर के लीला का दर्शन किया। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, विजय जग्गा, शिवम जग्गा, मुलखराज ठुकराल, अमित अरोरा बॉबी, विजय विरमानी, हरिचन्द मिड्ढ़ा, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, संदीप धीर, सुरेश राजदेव, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, राज वर्मा, सोनिया अरोरा, सुभाष अग्रवाल, गिरीश अरोरा, अजय ठुकराल, राकेश सुखीजा, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, सुमित बब्बर, रोहित जग्गा, महावीर आजाद, मदन ग्रोवर, राजन राठौर, शिवम जग्गा, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सीमा दुनेजा, कंचन ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, जीवन फुटेला आदि मौजूद थे।







# मानवीय हस्तक्षेप से हिमालयी जैव विविधता को पहुँच रहा नुकसान: डा० संजय

पंतनगर(उद संवाददाता)। पृथ्वी के 27 प्रतिशत हिस्से पर पहाड़ है जिस पर लगभग 1.1 बिलियन जनसंख्या निवास करती है। विश्व का 70 प्रतिशत ताजा जल पहाड़ से मिलता है। विश्व में उगने वाले मुख्य 20 फसलों में से 6 फसलों का उत्पादन पहाड़ो से होता है। यह बात उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी, परिषद् के निदेशक डा0 संजय कुमार नें हिमालय दिवस के उपलक्ष्य प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों के समक्ष हिमालय की रक्षा चुनौती बनकर उभर रही है। जंगलों में लगने वाले आग एवं विदेशी प्रजातियों के दखल से भी हिमालय की जैव विविधता को बेहद खतरा पहुँचता है। प्रत्येक प्रजातियों का पर्यावरण के संतुलन में अपना-अपना विशेष महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिनके कारण स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होता है जो हमे शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, संतुलित जलवायु, भोजन, दवाइयों के अलावा वो सब कुछ प्रदान करता है जो पृथ्वी पर जीवन के लिए बेहद जरूरी है। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिक परिषद्, हल्दी में हिमालय दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपवन संरक्षक अनुसंधान बलवंत सिंह शाही नें कहा कि विश्व में जैव विविधता के 36 मुख्य हॉटस्पॉट है, जिनमे से भारत का हिमालयी क्षेत्र भी एक है। वर्तमान में जैव विविधता के विलुप्त होने के बहुत से कारक है जिसमे से मुख्य कारक बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण व मानवीय हस्तक्षेप है। सम्मानित अतिथि नगर आयुक्त, ऊधम सिंह नगर नरेश दुर्गापाल नें कहा कि आठ देश पूर्ण रूप से हिमालय पर निर्भर है तथा एशिया की सबसे बड़ी नदी हिमालय से ही निकलती है, जो पृथ्वी वासियों को खुशहाली प्रदान करती है। बताया कि हमारी पूरी सभ्यता हिमालय से ही जुड़ी है और हिमालय हमे सुरक्षा प्रदान करता है जो आज संकट में है इस लिए उसकी सुरक्षा हम सभी का दायित्व है। सम्मानित अतिथि डा0 दयाल शरण, संयुक्त निदेशक, कुमाऊँ फोरेंसिक साइंस प्रयोगशाला नें कहा कि हिमालयी राज्यों के समक्ष हिमालय की रक्षा चुनौती बनकर उभर रही है। ग्रीन हाउस गैसे एवं ग्लोबल वार्मिंग सीधे तौर पर हिमालय को प्रभावित कर रही है। ग्रीन हाउस गैसों के स्तर में तेजी से वृद्धि के कारण हिमालय का सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बहुत तेजी से असंतुलित हो रहा है जिसके कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं व जीवों एवं पादपों की विभिन्न प्रजातियाँ विलुप्ती के तरफ तेजी से अग्रसर है। यहां प्रतिभागियों को हिमालय रक्षा के लिए शपथ दिलायी गयी तथा पोस्टर एवं स्पीच प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एस.एस. पब्लिक स्कूल, गदरपुर हॉली चिल्ड्रन कॉलेज, दिनेशपुर, बीर शिबा सिनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वनी, एम.बी.पी.जी. कॉलेज, हल्द्वानी, पंतनगर विश्वविद्यालय, पंतनगर के 180 प्रतिभागियों नें प्रतिभाग किया। यहां परिषद् के वैज्ञानिक डा0 कंचन कार्की, डा0 मणिन्द्र मोहन एवं डा सुमित पुरोहित सहित शिक्षक हितेश कुमार, सोभा नेयुलिया, गायत्री पाण्डेय, गुरदयाल सिंह, पूजा अरोरा एवं परिषद् के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।













# उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं मिलेट्स: भट्ट

## श्री अन्न की पोषण एवं स्वास्थ्य क्षमता, विविधता, प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन' विषय पर कार्यशाला आयोजित

पन्तनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय (गृहविज्ञान) के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग एवं प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023' एवं 'राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023' के अवसर पर 'श्री अन्न की पोषण एवं स्वास्थ्य क्षमता, विविधता, प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन' विषयक दो-दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन आज रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री माननीय श्री अजय भट्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डा. विनोद कुमार गौर, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल, विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता व निदेशक तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य सम्मिलित हुये। इस कार्यशाला में उत्तराखण्ड के 9 कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, गैर-सरकारी संगठन एवं स्वयं सहायता समूह के लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही राज्य के 100 से अधिक किसान जो मिलेट उत्पादन, प्रसंस्करण और वाणिज्यिकरण के क्षेत्र में कार्यरत हैं वे भी उपस्थित थे। कार्यशाला में मिलेट प्रर्दशनी का आयोजन भी किया गया जिसमें विभिन्न गैर-सरकारी संगठन; स्वयं सहायता समूह, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं विभिन्न विभाग जैसे खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग, पशुधन विभाग, प्रौद्योगिकी विभाग, कटाई उपरान्त प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियंत्रिकी विभाग साथ ही साथ उत्तराखड जैव प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा मिलेट आधारित खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाये गये। मुख्य अतिथि अजय भट्ट





द्वारा सभी प्रतिभागियों के स्टाल का भ्रमण कर मिलेट आधारित खाद्य पदार्थो एवं स्टाल धारकों के कार्यों की सराहना की गयी। मुख्य अतिथि अजय भट्ट द्वारा कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया गया कि कृषि के क्षेत्र में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देना उत्तराखंड के कृषि और पर्यटन के क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। यहां के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर हम अपने नागरिकों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सकते हैं तथा प्रदेश के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं। मिलेट्स उत्तराखंड के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और इस राज्य को एक बेहतर और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ा सकते हैं। श्री अजय भट्ट जी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के माध्यम से हम यह संदेश देते हैं कि मिलेट्स हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और हमें इन्हें संरक्षित करना चाहिए। इन्हें विशेष रूप से बच्चों के खाने में शामिल करना चाहिए ताकि उनका स्वास्थ्य और पोषण सुरक्षित रहे। साथ ही उन्होंने छात्रों को सतत प्रयास के लिए प्रोत्साहित किया और उन्नत दृष्टिकोण के महत्व को समझाया जोकि सफल और स्वस्थ जीवन का मूल है। हमारे आध्यात्मिक ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता और रामायण को विज्ञान की नींव बताया। उन्होंने जी-20 सम्मेलन में भारत की भागीदारी को सराहा और भारत की आत्मनिर्भरता में मिलेट्स के अहम योगदान का वर्णन किया जिसमें उन्होंने जी-20 में परोसे हुए मिलेट्स उत्पादों व व्यंजनों की व्याख्या की और सभी को बताया कि जी-20 में मिलेट्स का बोलबाला रहा। साथ ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दृष्टिकोण को नमन किया। विशिष्ट अतिथि डा. विनोद कुमार ने श्री अन्न व बीज संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की यदि समय रहते हमने मिलेट्स को अपनी कृषि नीति में सम्मलित कर दिया तो यह विश्व में भारत कृषि का नजरिया बदल सकता है। इसी के साथ उन्होंने मिलेट्स किस प्रकार पर्यावरण सुरक्षा में सहायक है पर चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मिलेट्स को बढ़ावा दिया गया तो स्वास्थ्य पर होने वाले खर्चे को कम किया जा सकता है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि विष्वविद्यालय द्वारा श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए विष्वविद्यालय के अनेक विभागों में श्री अन्न के उत्पादन एवं उपयोग पर कार्य चल रहा है। साथ ही उन्होंने मिलेट्स को लेकर जागरूकता पर जोर दिया और कहा लगभग 41 प्रतिषत एक्सपोर्ट में भारत की भागीदारी है जिसको और बढ़ाना हमारा दायित्व है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक भोजन में मिलेट्स का उपयोग अवष्य करें। साथ ही उन्होंने मूल्यवर्धन से सषक्तिकरण की राह का मार्गदर्षन किया। उन्होंने कहा कि कृषि और पर्यटन की साझेदारी देश में मिलेट्स को बढ़ावा देगी एवं भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा सकती है। उद्घाटन समारोह में डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा स्वागत संबोधन में उन्होंने अवगत कराया कि मिलेट एक बहुत ही महत्वपूर्ण एवं पारंपरिक पौष्टिक मोटा अनाज है। उन्होंने बताया कि भारत में लगभ 33 लाख बच्चे कुपोष्ण के शिकार है एवं 10 करोड से अधिक लोग मधुमेह से ग्रसित है। मिलेट विभिन्न पोषक तत्वों जैसेकैल्शियम, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन आदि के बेहतर स्रोत हैं। ये कुपोषण दूर करने एवं शरीर की पोषण सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ-साथ यह विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए उपयुक्त है। अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि मिलेट, श्री अन्न के नाम से भी जाना जाता है, को बालपन से ही षिषु के आहार में शामिल करना अति आवश्यक है। मिलेट्स द्वारा हम सतत विकास लक्ष्य जैसे भूखमरी का निवारण कर सकते है। उन्होंने अवगत कराया कि कुलपति द्वारा भी निर्देश दिया गया है कि विश्वविद्यालय के छात्रावास मे हफ्ते में एक भोजन मिलेट्स आधारित होना चाहिए। उद्घाटन समारोह के अंत में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग डा. अर्चना कुशवाहा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

# श्याम संकीर्तन महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

किच्छा(उद संवाददाता)। नवीन गल्ला मंडी में श्री श्याम सत्संग मण्डल एवं श्री श्याम युवा मित्र मण्डल द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में बतौर मुख्य यजमान के रूप में









उपस्थित होकर विधायक तिलक राज बेहड़ ने हवन पूजन कर श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का विधिवत् शुभारंभ कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम बीती रात्रि नवीन गल्ला मंडी में श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजकों द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर श्री श्याम के भजनों का गुणगान किया। इस अवसर पर भजन गायको द्वारा श्री श्याम के भजनों से उपस्थित भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्री श्याम संकीर्तन में छप्पन भोग, पंचमेवा प्रसाद, पान सेवा प्रसाद , फल सेवा, लाइट सेवा, अति सुंदर ढंग से की गई थी ।आगंतुको द्वारा श्री श्याम के विशाल पंडाल की प्रशंसा की गई। पंडाल को देखकर तमाम भक्तगण भाव विभोर होकर नृत्य करते हुए झूम रहे थे। संपूर्ण पंडाल में प्रतीत हो रहा था कि प्रत्येक भक्त श्री श्याम के बस में होकर नित्य कर रहा था। तथा साक्षात श्याम संकीर्तन स्थल में मौजूद थे। श्याम जी के दर्शन को लंबी कतारें लगी हुई थी तथा भक्तजन श्री श्याम के दर्शन करते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य यजमान तिलक राज बेहड़ के अलावा आयोजक मंडल के सभी सदस्य पदाधिकारी गण ,व्यवस्थापकों के अलावा उद्योगपति, व्यापारी में विजय यादव, लाल यादव, विजय गोयल ,गिरधारी लाल जी, विवेक दीप सिंह, गोविंद राम गोयल, महेंद्र प्रसाद गोयल, संजय कुमार गोयल ,चंद्रकेश यादव, अंकुर अग्रवाल ,श्री सत्यनारायण गोयल, राजेश गर्ग, गौतम गर्ग, संजय अरोड़ा ,उमेश अग्रवाल, राकेश खन्ना, हनुमान प्रसाद गोयल ,सनी अग्रवाल ,कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, धर्मेंद्र सिधी, गुलशन सिंधी, ओमप्रकाश दुआ, सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# लो वोल्टेज की समस्या से दिलाई निजात

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित वार्ड नंबर 16 की विजय लक्ष्मी एंक्लेव में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलवाते हुए प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने 250 किलोवाट के नए विद्युत ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया।विजयलक्ष्मी एंक्लेव के निवासी लो वोल्टेज की समस्या से दुखी थे आए दिन विद्युत उपकरण खराब हो जाते थे इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा को ज्ञापन दिया विकास शर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कॉलोनी के लिए ढाई सौ किलो वाट के ट्रांसफार्मर को मंजूर कराकर आज जनता को समर्पित कर दिया। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार जन-जन के विकास के लिए लगी है किसी भी वर्ग के व्यक्ति के विकास में रुकावट नहीं आने दी जाएगी जो भी मूलभूत सुविधाएं हैं उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अंतोदय का नारा दिया है इसलिए भारतीय जनता



पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह जन-जन तक जाए और उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाएं। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने मिलकर हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पी एन, केसी मंडल, भुवन जोशी, सतीश मुंजाल,जे पी रॉय, राधाकांत सरकार, देवी प्रसाद पांडेय,पंकज सुभराज,ए के पाल, अशोक विश्वास, किशन मिश्रा, विरेंदर कुमार, गगन दीप, अमित यादव, सुनील रेडी आदि मौजूद रहे।

# यूसी मास की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सितारगंज के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। यूसी मास की 22 वीं राष्ट्रीय अबेकस अरिथमेटिकल परीक्षा में सितारगंज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो और तीन सितंबर को जालंधर के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया गया। प्रतियोगिता में 23 राज्यों के सैकड़ो छात्रों ने हिस्सा लिया था। उत्तराखंड से इस परीक्षा में 60 छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने 8 मिनट में गणित के 200 सवालों का जवाब दिया। मुख्य प्रबंधक हर्षित पाण्डे , प्रबंधक दीपाली पाण्डे ने बताया कि मुदित राठी-चैंपियन, गुरमंतदीप सिंह- चैंपियन, प्रभलीन कौर-फर्स्ट रनर अप वेदांश असवाल-द्वितीय रनर अप प्रिंसी अग्रवाल-पांचवीं रनर अप खुशदीप कौर-योग्यता तमन्ना सिंघल-योग्यता पावनी सलूजा हरलीन कौर, हरनाज कौर, अर्पित यदुवंशी, प्रभजोत कौर,



राजकरन सिंह ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा आयु गोयल विहान, सक्सेना कार्तिकेय अलानी, सहज सिंह हिमाद्री जोशी, नताशा बेनीवाल, यशराज बिष्ट और तमन्ना सिंघल ने अवार्ड जीते। यूसी मास के संस्थापक डॉक्टर डीनो वोंग, प्रोफेसर चियो, देश की प्रभारी डॉक्टर स्नेह कारिया, प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। हर्षित पाण्डे (मुख्य प्रबंधक दीपाली पाण्डे (प्रबंधक) सभी बच्चो की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विकासशील देशों का वैश्विक हित

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की दरकार अनेक मौकों पर रेखांकित की जा चुकी है। अभी जी20 शिखर सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने भी इसकी जरूरत पर बल दिया। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने कहा था कि सुरक्षा परिषद के स्वरूप में बदलाव किया जाना चाहिए, क्योंकि यह संस्था अब अपनी प्रासंगिकता लगभग खो चुकी है। यह बात उन्होंने रूस–यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कही थी। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी कहा था कि इस संस्था को और समावेशी बनाया जाए, ताकि वह आज की दुनिया की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सके। सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। इनमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देश भी शामिल हों। भारत कई मौकों पर यह बात दोहरा चुका है, मगर इस बार चूंकि जी20 शिखर सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने यह बात कही तो उसका अलग मतलब है। दरअसल, दुनिया का स्वरूप काफी तेजी से बदला है, इसमें केवल कुछ देश शक्तिशाली देशों की कतार में खड़े होकर नए विश्व की वास्तविकताओं से आंखें नहीं चुरा सकते। जी20 इसका बड़ा उदाहरण है कि विकसित कहे जाने वाले राष्ट्रों को आखिरकार विकासशील या तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों को भी अपने साथ जोड़ना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गठन के बाद से अब तक इसके सदस्य देशों की संख्या चार गुना बढ़ चुकी है, मगर इसमें मुख्य वार्ताकार वही पांच देश हैं, जो शुरू में रखे गए थे। उन्हीं पांच देशों को स्थायी सदस्यता प्राप्त है और वे जिस मुद्दे पर जो राय बनाना चाहते हैं, जैसा फैसला करना चाहते हैं, कर लेते हैं। वे परस्पर अपने हितों में संतुलन बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। अगर किसी मुद्दे से उनमें से किसी के भी स्वार्थ पर आंच आती है, तो वह अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए उस मुद्दे पर आम राय बनने से रोक देता है। इस तरह कई मौकों पर देखा गया है कि जब कोई देश किसी अन्य देश पर युद्ध थोप देता और संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के नियमों का उल्लंघन करता देखा जाता है, तब सुरक्षा परिषद चुप्पी साधे रहती है। रूस की तरफ से यूक्रेन के खिलाफ छेड़े गए युद्ध में भी यह साफ–साफ देखा गया। रूस चूंकि खुद सुरक्षा परिषद का सदस्य है, इसलिए उसके खिलाफ सुरक्षा परिषद की कड़ाई की कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती। सुरक्षा परिषद में हालांकि पंद्रह सदस्य होते हैं, जिनमें से पांच स्थायी हैं और दस अस्थायी होते हैं, जिन्हें दो–दो साल के लिए चुना जाता है। मगर जब भी कोई अहम फैसला करना होता है, तो स्थायी सदस्यों की ही सहमति मान्य होती है। वे पांच देश हैं अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम। जबकि अब भारत, ब्राजील, जर्मनी, चौवन देशों का अफ्रीकी समूह आदि दुनिया के भू–राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में ज्यादा अहमियत रखते हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता न दिए जाने से वैश्विक मामलों में लिए जाने वाले निर्णयों में स्पष्ट असंतुलन नजर आता है। इसीलिए अब दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं में बदलाव की मांग उठाते देखे जाते हैं। मगर मुश्किल यह है कि इसके स्थायी सदस्य ऐसे किसी बदलाव को लेकर उदासीन ही देखे जाते हैं। इसमें सुधार की सूरत तभी बनेगी, जब इसके स्थायी सदस्य वैश्विक हितों को लेकर सचमुच संजीदा होंगे।

## आंतरिक दुर्बलताएँ बनती हैं विनाश का कारण : हरि चैतन्यपुरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने हरि भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। दूसरों पर मिथ्या दोषारोपण से कहीं बेहतर है कि स्वयं आत्म अन्वेषण करें। कई बार हम स्वयं गलतियां करते हैं, स्वयं अपने हाथो अपने लिए पतन का गड्ढा खोदते हैं व दोष दूसरों को देते हैं।



दूसरों में दोष ढूंढने के कारण हमें अपने अंदर दोष होते हुए भी दिखाई नहीं देते। उन्होंने कहा कि आंखें सबको देखती है पर अपने को नहीं देख पाती।निष्पक्ष ,शांत, एकाग्रचित्त होकर अपनी आत्मा की आवाज सुनें, तो पता चल जाएगा कि लोग हमें क्या समझते हैं। हमारा मन क्या समझता है, परन्तु वास्तव में हम हैं क्या ? किसी को दोष क्यों देते हो अपनी अनेक आंतरिक दुर्बलताएँ ही विनाश का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए। तथा न ही पहुँचाने की प्रेरणा या इच्छा करनी चाहिए। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते है। उन्होंने कहा कि सत्संग पाकर अपने जीवन में वांछित सुधार भी अवश्य करें। अन्यथा विशेष लाभ से वंचित रह जाएंगे, संत, गुरु व परमात्मा का कृपापात्र वही बन सकता है जो चरित्रवान, मर्यादित, कर्तव्यपरायण, सेवा, व परोपकार परिपूर्ण जीवन व्यतीत करता है। उन्होंने कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है जितना हमने इसे समझा है यह सबसे कठिन है। परंतु असंभव नहीं है। महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों को सुनकर सभी मन्त्र मुग्ध व भावविभोर हो गये।

## आपसी विवाद में कई लोग चोटिल

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वीरू नगला में दो स्थानों पर हुए आपसी झगड़ें में कई लोगों को मामूली चोटें आई है तथा पुलिस द्वारा दोनों ही पक्षों पर विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वीरू नगला निवासी संदीप कौर ने गांव के ही गुरु पेज सिंह पुत्र मनजीत सिंह गुरुवाज सिंह पुत्र मनजीत सिंह पर कर्मचारियों के साथ मारपीट करने गाली गलौज करने जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है उधर एक अन्य प्रकरण में कश्मीर कौर पत्नी स्वर्ण सिंह ने रतनपुर वीरू नगला निवासी गगनदीप सिंह पुत्र अज्ञात, राहुल श्रीवास्तव पुत्र अज्ञात, हरनाम सिंह पुत्र अज्ञात तथा चार अन्य पर उसके पोते के साथ मारपीट करना गाली गलोज करना तथा जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है पुलिस ने दोनों तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## शहर में नहीं हो रही है फागिंग और छिड़काव,पनप रहे मच्छर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। जिले में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है मगर नगर पंचायत की ओर से शहर में फागिंग नहीं की जा रही है। जिसके चलते शहरवासियों में रोष पनपता दिखाई दे रहा है। शहर के अंतर्गत अधिकांश वार्डो में जलभराव होने से मक्खी मच्छरों एवं कीड़े मकोड़े का प्रकोप बढ़ रहा है। धूप खिलने के साथ ही पानी से दुर्गंध आने से और कई दिनों से पानी जलभराव होने से लोगों का अन्य बीमारियों का खतरा मंडराता नजर आ रहा है। लोगों को डेंगू के मामले ने चिंता बढ़ा दी है। मच्छरों की भरमार ने लोगों को नींद उड़ा दी है। नगर के किसी मोहल्ले में फागिंग नहीं हुई है। इसके चलते लोगों डेंगू फैलने का खतरा बना हुआ है। नगर पंचायत द्वारा फागिंग का दवा तो किया जाता है लेकिन कई मोहल्ले की पड़ताल जितने भी लोग मिले किसी ने भी नहीं कहा कि फागिंग हुई है। जिसके कारण दिल ढलने के बाद घर के बाहर रहना दूभर हो जाता है। फीवर से शुरू



होकर यह बीमारी डेंगू का रूप ले रही है। लोगों का कहना है कि बरसात होते ही जलभराव हो जाता है जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है नगर पंचायत के द्वारा अभी तक फागिंग नहीं कराई गई है। हमारे मोहल्ले में कब फागिंग हुई इसका मुझे याद नहीं है। जिले में डेंगू का प्रकोप तेजी से फैल रहा है मगर नगर पंचायत के अधिकारी शहर में दवा का छिड़काव तथा फागिंग नहीं कराया जा रहा है। जिसके चलते शहरवासियों में रोष पनपता दिखाई दे रहा है। शहरवासियों का कहना है कि शहर में गली मोहल्ले में दवा का छिड़काव करने के लिए सितारगंज एसडीएम को अवगत कराया जाएगा।

## पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा वारंटियो के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एक वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया । पुलिस ने 11/ 9 /23 को ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत वारंटी फौजदारी वाद संख्या 3461 /19 धारा 37/ 411 आईपीसी बनाम गौरव जोशी पुत्र पुरुषोत्तम जोशी निवासी भेलूंटा थाना लंबगांव जिला टिहरी गढ़वाल संबंधित फौजदारी वाद संख्या 3461 /19 धारा 379, 711 आईपीसी में गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम में उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर, कां. रणवीर चौहान थे।



## एसबीएस महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित छात्र – छात्राओं के लिये दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने दीप प्रज्वालित कर किया। इसके पश्चात् प्राचार्य एवं कला संकाय के विभागाध्यक्षों का स्वागत बैच अलंकरण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. निर्मला जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजनितिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सर्वजीत, भूगोल विभाग की प्राध्यापिका प्रो. पूनम रौतेला, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज पाण्डे, क्रीड़ा विभाग के विभागाध्यक्ष राजेश कुमार, संस्कृत विभाग से डॉ.



मनोज कुमार, मनोविज्ञान विभाग से डॉ. रंजीता जौहरी, समाजशास्त्र विभाग के डॉ. अंचलेश कुमार, हिन्दी विभाग की डॉ. निर्मला जोशी ने अपने–अपने विषयों की विस्तृत जानकारियाँ विद्यार्थियों से साझा की और कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये छात्र – छात्राओं को नये परिवेश से परिचित कराना है। वही महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीसी पंत द्वारा विद्यार्थियों को सुखद भविष्य की शुभकामनाऐं देतें हुए जीवन के श्रेष्ठ लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अनुशासन और मेहनत के साथ– साथ सही निर्णय की कला विकसित करने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर सर्वजीत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं समस्त छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## चमोली का लाल खिलाफ सिंह नेगी शहीद

चमोली। मां भारती की रक्षा करते हुए चमोली का लाल शहीद हो गया। शहीद खिलाप सिंह नेगी नंदानगर घाट के दूरस्थ कनोल गांव के रहने वाले थे। घटना की सूचना पाकर उनके परिजनों के साथ–साथ पूरे इलाके में शोक की लहर है। शहीद खिलाप सिंह नेगी दो साल पहले 2021 में ही भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। छोटी सी उम्र में उनकी शहादत की खबर से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। हालांकि अभी तक उनकी शहादत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। चमोली पुलिस ने उनकी शहादत की पुष्टि करते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शहीद जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## स्मैक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 3,56 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने स्मैक तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया। गौरतलब है कि थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, प्रतापपुर चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार नशा और नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ नशे के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। हाईवे पर देवहा के पुल आमखेड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति नदी किनारे बैठा था। व्यक्ति की नजर पुलिस वालों को पड़ी तो वो शकपकाया और पीछे नदी की तरफ देखने लगा शक होने पर जब पुलिस को अपने पास आता दिखाई देने पर दाहिनी पेंट की जेब से कुछ निकला और बंद मुट्ठी से कुछ नदी की ओर फेंकने का प्रयास करने लगा तो तत्काल कार्रवाई करते हुए हाथ को पकड़ लिया और उसकी मुट्ठी को खोलकर देखा उसके हाथ में प्लास्टिक की पन्नी में 3,56 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम मोहम्मद गंज सुंदरनगर निवासी सर्वजीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह बताया। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि सितारगंज रोडवेज बस अड्डे के पास से एक व्यक्ति से स्मैक की खरीदारी करता हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में अलग–अलग स्थान में बेचता हूं। इधर पुलिस आरोपी के अपराधी इतिहास खंगालने मे में जुट गई है।

## श्याम मंदिर निर्माण के लिए बेहड़ ने की दस लाख देने की घोषणा

किच्छा(उद संवाददाता)। यहां आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलकराज बेहड़ ने श्याम मंदिर निर्माण



के लिए विधायक निधि से 10 लाख देने की घोषणा की। श्याम सत्संग मंडल व श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वाधान में आयोजित विशाल संकीर्तन महोत्सव का बेहड़ ने ज्योति जलाकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने कहा कि बड़ी खुशी का अवसर है कि आज बाबा श्याम खाटू जी का दरबार किच्छा में लगा है, बाबा श्याम खाटू जी की बहुत मान्यता है और उनका स्वंय का परिवार भी बाबा जी से जुडा हुआ है ऐसे आयोजन होना बहुत आवश्यक है। इससे समाज मैं धार्मिक माहौल बनता है।

## मोटे अनाज के उपयोग से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 1 से 30 सितंबर तक मनाए जा रहे पोषण माह के दौरान वार्ड नंबर 7 के आंगनबाड़ी केंद्र सेकेंड में कार्यकर्ती गीता सक्सेना के नेतृत्व में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के अंतर्गत 'सही पोषण देश रोशन' मोटे अनाज की गुणवत्ता पर जानकारियां दी गई । गीता सक्सेना ने 'रक्त अल्पता से रहना हो दूर, भोजन करें आयरन से भरपूर' उन्होंने हरी सब्जियां, मौसमी



फल तथा मोटे अनाजों की गुणवत्ता की जानकारियां देते हुए सभी उपस्थित महिलाओं को उनके समुचित उपयोग करते हुए लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर सहायिका किरण बाला, मीनाक्षी ,हेमा, अनामिका ,अंजुम, बनक्शा,अमीषा, रितु ,खुशी, सुहाना के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चे उपस्थित रहे।

## मारपीट फायरिंग व धमकी मामले में सात नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध असलहों से लैस दबंगो ने गैर की आराजी पर कब्जा करने को लेकर तांडव मचाते हुए सब्जी व चारे की खेती को तहस–नस करते हुए खेत को जबरन जोत डाला। विरोध करने पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए दहशत मचा दी और मुंह खोलने की एवज में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ संगीत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती निवासी लाल सिंह कांबोज पुत्र नौबत सिंह कंबोज ने बताया कि बीते तीन सितंबर को दिन में लगभग 11 बजे कचनाल गाजी, मानपुर रोड, बिजली घर के समीप निवासी नंदकिशोर कंबोज, राहुल रमनदीप, पीयूष कंबोज, दीप कंबोज, के अलावा कचनाल गोसाई थाना आईटीआई निवासी आकाश कांबोज पुत्र शेर सिंह, विशाल प्रजापति दीप सिंह तथा 10 15 अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली व तीन चार वाहनों पर हथियारों से लाइफ होकर उसकी आरजी पर पहुंच गए और खेत में लगी सब्जी व चारे की फसल को बलपूर्वक जोतना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया तो हवाई फायरिंग करते हुए दबंगों ने दहशत मचा कर गाली गलौज करते हुए कातिलाना हमले का प्रयास किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राहुल रमन दीप नामक एक दबंग ने उसकी पत्नी के साथ बदसलूकी करते हुए मार पिटाई की। पुलिस ने मारपीट के इस मामले में तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी सातों आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अज्ञात हमलावरों के खिलाफ भी मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मुख्य सूचना आयुक्त ने पिथौरागढ़ में की प्रथम अपील के निस्तारण कार्यों की समीक्षा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मुख्य सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग अनिल चन्द्र पुनेठा ने जनपद के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त अनुरोध पत्रों के निस्तारण एवं प्रथम अपीलों के निस्तारण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित लोक सूचना अधिकारियों से वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में प्राप्त अनुरोध पत्रों तथा उनके निस्तारण के बारे में जानकारी ली। प्रथम अपीलीय अधिकारियों द्वारा भी प्रथम अपीलों का निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किया जाय। इससे लोगों को फायदा होता है। उन्होंने कहा कि सूचना के अनुरोध पत्रों का समय से निस्तारण करने पर कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी। वही सरकार की छवि भी अच्छी बनी रहेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रकाशन योग्य सूचनाओं को विभागीय वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया जाना चाहिये ताकि लोगों को सूचनाएं विभागीय वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकें। बैठक में लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों ने मुख्य सूचना आयुक्त से सूचना का अधिकार अधिनियम -2005 के तहत प्राप्त अनुरोध पत्रों के निस्तारण के संबंध में विभिन्न प्रश्न भी पूछे। जिस पर मुख्य सूचना आयुक्त ने प्रश्नों का जवाब देकर लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी रीना जोशी ने मुख्य सूचना आयुक्त का जनपद आगमन पर आभार व्यक्त किया। बैठक में डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े, सीडीओ वरुण चौधरी, एसपी लोकेश्वर सिंह, एडीएम शिव कुमार बरनवाल, एस डीएम अनिल शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# भारत रत्न पंडित गोंविद बल्लभ पंत को किया नमन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। भारत रत्न पण्डित गोविंद बल्लभ पंत का 136 वां जयंती समारोह जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अल्मोड़ा लोकसभा सांसद अजय टम्टा ने जीबी पंत की। जन्मस्थली ग्राम खूंट में पहुंचकर पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समस्त जनपद एवं राज्यवासियों को शूभकामनाएं दी। ग्राम खूंट में अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा समेत अन्य ने भी जीबी पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा यहां पर पौध रोपण किया। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य हैकि अंग्रेजी राज की विषम परिस्थितियों में भी पंत जी ने इस क्षेत्र का नाम विभिन्न मंचों पर रोशन किया था उन्होंने कहा कि तत्कालीन संसाधन विहीन परिस्थितियों में भी उन्होंने अध्यापन के साथ-साथ राजनैतिक कार्य वकालत तथा विभिन्न कार्य करके राष्ट्र को अपना अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पंत जी ने संयुक्त प्रांत के मुख्यमंत्री पद को भी सुशोभित कर हमारे पर्वतीय अंचल को गौरवान्वित किया था उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री पद को भी उन्होंने सुशोभित कर देश के नक्शे में पहाड़ का नाम रोशन किया था। ग्राम खूंट में पुस्तकालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में पंत जी के जीवन के बारे में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विधायक मनोज तिवारी ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अल्मोड़ा की धरती पर जन्म होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि साइमन कमीशन जैसे विभिन्न आंदोलनों में उनकी प्रमुख भूमिका रही तथा स्वतंत्रता आंदोलन में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी महती भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद समेत अन्य ने भी मॉल रोड स्थित पंत पार्क में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, क्षेत्रीय पुरातात्विक अधिकारी सीएस चौहान ग्राम प्रधान खूंट बलवंत सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।



# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सुंदरपुर हवालबाग में किया गया।बौनी हाउस नियर सुमन रिजार्ट में आयोजित इस शिविर में हृदय रोग नेत्र रोग,बाल रोग शारीरिक रोग,श्वास एवं छाती रोग,स्त्री रोगों की जांच एवं निशुल्क उपचार किया गया।मरीजों एवं उनके तीमारदारों को शिविर में लाने एवं छोड़ने तथा भोजन की व्यवस्था भी श्री कर्नाटक के द्वारा की गयी। विधानसभा के एक हजार दो सौ से अधिक लोगों ने इस, निशुल्क चिकित्सा शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। भारी बारिश के बीच प्रात:से ही लोगों का इस चिकित्सा शिविर में पहुंचने का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। अधिकांश लोग श्रीकर्नाटक के द्वारा लगाए गये एक दर्जन से अधिक वाहनों से इस शिविर में पहुंचे।परीक्षण के बाद इन्हीं वाहनों से उन्हें वापस भी छोड़ा गया।शिविर में आये बारह सौ से अधिक लोगों के भोजन की व्यवस्था भी श्री कर्नाटक के द्वारा शिविर में ही की गयी थी।इस चिकित्सा शिविर में सहयोगी रहे सभी लोगों का श्री कर्नाटक ने आभार व्यक्त किया तथा मीडिया को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि मीडिया के प्रचार प्रसार के कारण ही इतने अधिक लोगों तक इस शिविर की जानकारी पहुंची।इस चिकित्सा शिविर में हृदय रोग के डाक्टर लक्ष्मण एवं उनकी टीम,आंख के डाक्टर जे सी दुर्गापाल एवं उनकी टीम,बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर ओमप्रकाश,श्वास एवं चेस्ट फिजिशियन डाक्टर राहुल,जनरल फिजिशियन डाक्टर रक्षित, गाय कोलोजिस्ट डाक्टर दीक्षित, काउंसलर भावना नेगी शामिल रहे।इस अवसर पर श्री कर्नाटक के साथ रोहित शैली, हेम जोशी, हरिकृष्ण गोनी,देवेन्द्र कर्नाटक, रश्मि काण्डपाल, कविता पाण्डेय,आशा मेहता,पायल काण्डपाल, प्रकाश काण्डपाल,दीपक पोखरिया, उमेश पाण्डेय,रवि रौतेला,अमर बोरा, प्रकाश मेहता,सुन्दर सिंह आदि ने इस स्वास्थ्य शिविर में अपना सहयोग प्रदान किया।



# ट्रैक्टर चोरी मामले में सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित, चौकीदार को हटाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला आबकारी कार्यालय से ट्रैक्टर चोरी के मामले में जेल भेजे गए सहायक आबकारी आयुक्त जनपदीय प्रवर्तन पन्ना लाल शर्मा को आबकारी सचिव ने निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही आबकारी कार्यालय में रात्रि चौकीदारी में तैनात अवैतनिक पीआरडी जवान को हटाकर सुरक्षा के लिए दो विभागीय जवानों को तैनात किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने डीएम को पत्र भेजकर रात्रि सुरक्षा के लिए दो कर्मियों की तैनाती की मांग की है। 29 अगस्त की रात आबकारी विभाग ने गदरपुर में अंग्रेजी शराब की 100 पेटियों के साथ पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली को जिला आबकारी कार्यालय में खड़ा किया था। चार सितंबर की रात पूर्व पीआरडी जवान सुरजीत, धर्मवीर ने अपने साथियों के साथ आबकारी कार्यालय में खड़े नए ट्रैक्टर को चोरी कर उसके बदले पुराना ट्रैक्टर खड़ा कर दिया था। ड्यूटी पर तैनात अवधेश को आरोपी बरगलाकर अपने साथ ले गए थे। मामले में सहायक आबकारी आयुक्त जनपदीय पन्ना लाल शर्मा की मिलीभगत सामने आई थी। पुलिस ने मामले में दोनों पूर्व पीआरडी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन की थी। सात सितंबर को पुलिस ने पन्नालाल शर्मा और हरपेज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हरपेज की निशानदेही पर चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर लिया था। हरपेज ही ट्रैक्टर चोरी कर ले गया था। पुलिस इस मामले में धर्मवीर, सुरजीत के साथ ही अन्य आरोपियों की चिह्नित करने में जुटी है। पीआरडी जवान अवधेश कुमार अवैतनिक रूप से रात्रि चौकीदारी करता था। उसकी ड्यूटी विकास भवन में थी। वह दिन में विकास भवन में ड्यूटी करता था और रात में बिना वेतन के आबकारी कार्यालय में पहरेदारी करता था। दिन में विकास भवन और रात्र में बिना वेतन के आबकारी कार्यालय में ड्यूटी करना गले से नहीं उतर रहा है। बिना वेतन के कार्यालय में उसकी तैनाती पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## 35 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर मेहराया रोड कबाड़ी की दुकान के पास अभियुक्त निक्कू पुत्र हरनाम सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी टिब्बा लालपुर थाना किच्छा जिला उधम सिंह नगर के कब्जे से एक नीले रंग की केन में 35 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# रेखा ठाकुर को मिली डॉक्टरेट की उपाधि और संकल्प सम्मान

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राधा कृष्ण इंस्टीट्यूट की संचालक रेखा ठाकुर को डाक्टरेट की उपाधि मिली है। शिक्षक दिवस पर दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान किया गया। यहां पर उत्तराखंड से रेखा ठाकुर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय संकल्प सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उनको डॉक्टरेट की उपाधि भी दी गई। डॉ रेखा ठाकुर 15 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही हैं। वह युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के साथ ही शिक्षा को लगातार जागरुक करती हैं। यह सम्मान उनको सामाजिक कार्य के लिए मिला है।



## पेज एक का शेष...

**अतिक्रमण के नाम पर...**जहां अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़े जाने के खिलाफ प्रदेश सरकार को घेरते हुए नारेबाजी करते हुए हंगामेदार सभा की। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि आज प्रदेश में जहां एक और बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से जनता परेशान है तो वही सरकार अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़ने पर लगी है उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड में पहले से ही 10 हजार से अधिक उद्योग बंद हो चुके हैं जिससे बेरोजगारी बड़ी है तो वही सरकार महंगाई और बेरोजगारी से निजात दिलाने में जनता को पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार अतिक्रमण को लेकर अध्यादेश लाए साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना यह अतिक्रमण का तुगलकी फरमान वापस लेकर जनता को राहत नहीं दी तो सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश भर में कांग्रेस सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर जनता को अब उजड़ने नहीं दिया जाएगा।

**मदरसा माफियाओं की ...**एवं बीइओ पर डाल दिया था। मगर आश्चर्य में डालने वाली बात तो यह है कि उधम सिंह नगर जिले के सातों ब्लॉक के काबिल बीडीओ एवं बीइओ अभी तक केवल गदरपुर एवं खटीमा ब्लॉक के महज तीन-तीन मदरसों की जांच ही पूरी कर पाए हैं । यहां पर हम अपने पाठकों को बताना चाहेंगे कि राज्य सरकार ने मदरसों की ऐसी भी गहन जांच करने के आदेश नहीं दिए थे, जिसको पूरा करने में काफी समय लगता। राज्य सरकार द्वारा केवल मदरसो में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या, छात्रों को मिलने वाले फर्नीचर और छात्रों को मिलने वाला लाभ उन्हें मिला भी है अथवा नहीं, की जानकारी भर मांगी थी। मगर जिले की नौकरशाही महज कुछ बिंदुओं की जानकारी 3 महीने से अधिक समयावधि बीतने के बाद तक एकत्रित नहीं कर सकी। जाहिर है कि मदरसों की जांच की यह धीमी गति किसी सामान्य करण का नतीजा नहीं है, अपितु इसके पीछे कोई खास ही कारण है और जांच की रफ्तार जानबूझकर आशय पूर्वक धीमी रखी गई है। हो सकता है कि इस धीमी जांच की मुख्य वजह मदरसा माफियाओं एवं नौकरशाही का कोई 'गिव एंड टेक' वाला गठजोड़ हो। वरना ,सामान्यतया तो ऐसी कोई वजह नजर नहीं आती, जिसके चलते एक सामान्य सी जांच 3 महीने से ज्यादा की अवधि क पूरी ना हो सके । कहने की जरूरत नहीं की इस समूचे खेल के पीछे कोई तो है जो यह नहीं चाहता की मदरसों की जांच हो और उसकी अनियमितताएं सरकार के सामने आए। लिहाजा निकट भविष्य में यह देखना दिलचस्प होगा की मदरसों की जांच का प्रतिवेदन कितने दिनों बाद मुख्यमंत्री की टेबल पर पहुंच पाता है ? और पहुंचता भी है अथवा नहीं? तथा प्रतिवेदन मिलने के बाद सरकार का मदरसो के प्रति क्या रुख रहता है?

**सरेआम युवती पर ...**पर तमाम गंभीर चोटें लगने के बाद पूजा बेहोश होकर सड़क पर ही गिर गई। शोर होने के बाद सभी आरोपी पूजा को मरा समझ कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में पूजा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पूजा को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने के चलते परिजन पूजा को इलाज के लिए दिल्ली के निजी अस्पताल ले गए। यहां गंभीर अवस्था में पूजा का इलाज चल रहा है। शिकायत में जगतार सिंह ने आरोपियों से परिवार के अन्य सदस्यों की जान का खतरा बना हुआ है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**सिडकुल में ट्रक ने ...**वहीं कई सालों से सिडकुल की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। बताया जा रहा है कि गत रात्रि बालिराम साईकिल से नाइट शिफ्ट की ड्यूटी करने के लिए कंपनी की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में जब वह नैनीताल हाइवे के पास पहुंचा। पीछे से तेज गति से आते एक ट्रक चालक ने उसकी साईकिल को टक्कर मार दी। जिससे गार्ड बलिराम ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरो की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर सिडकुल पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

**दोस्त ने दगा देकर....**से पहले उसे सामान की कोई जानकारी नहीं दी और न ही कम्पनी का नाम बताया। संतोष का कहना है कमल किशोर ने उसके साथ विश्वासघात किया और अब उसके एक लाख रुपए नहीं लौटा रहा है। यदि इनकी कार्यप्रणाली और सामान की जानकारी पहले ही देता तो वह इस धोखाधड़ी का शिकार नहीं होता। कमल किशोर कहता है कि अगर अपना पैसा वापस चाहिए तो अपने संबंधित मित्रों आदि को फसाना होगा और उसके लिए सभी प्रकार की ट्रेनिंग दी जाती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# राजस्थान चुनाव के लिए निशंक को सौंपी जिम्मेदारी

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डा.रमेश पोखरियाल निशंक को राजस्थान चुनाव में पार्टी संगठन ने जिम्मेदारी सौंपी हैं। उन्हें पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में राजस्थान के करौली जिले की कमान सौंपी गई है। इस जिले में 4 विधानसभा क्षेत्र हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ की ओर से उन्हें इसकी सूचना दी गई कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष के मार्गदर्शन में वह भाजपा के विजय संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है और कहा कि पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी निभाते हुए भाजपा के विजय संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सांसद, विधायक और मेयर के पुतले फूंके

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में जलभराव के विरोध में कांग्रेसियों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा सासंद, विधायक और मेयर का पुतला दहन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में ट्राजिट कैम्प स्थित विवेकानंद पार्क के निकट एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने ट्रांजिट कैम्प में भारी जलभराव को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा और मेयर रामपाल सिंह के पुतले फूंके। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुयी है। जलभराव से ट्रांजिट कैम्प में हाहाकार मचा हुआ है। बस्तियों में पानी भरा हुआ है। लोग घरों से बाहर शरण लेने को मजबूर हैं। ट्रांजिट कैम्प की खस्ताहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस ने कई बार आवाज उठाई लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के कानों में



जूं नहीं रेंगी। भाजपा के जनप्रतिनिधि झूठे वायदे करके हर बार चुनाव में अपना उल्लू सीधा करते हैं। उसके बाद जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है। आज ट्रांजिट कैम्प की बस्तयों में लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लेकिन भाजपा के सांसद, विधायक और मेयर को उनकी सुध लेने की फुरसत नहीं है। विधायक और मेयर रूद्रपुर शहर को जलभराव से निजात दिलाने के झूठे वायदे करते हैं लेकिन धरातल पर आज तक इस मामले में कोई सार्थक परिणाम नजर नहीं आया है। श्री गावा ने कहा कि अब जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली। इस बार निकाय और लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपनी करनी का फल भोगना होगा। पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा कि भाजपा की कथनी और कंरनी का अंतर ट्रांजिट कैम्प में साफ देखा जा सकता है। यहां पर जलभराव भाजपा नेताओं के दावों की पोल खोल रहा है। ट्रांजिट कैम्प की कोई भी सड़क जलभराव से अछूती नहीं है। लोग बुरी हालत में जीवन जीने को मजबूर हैं। जलभराव के कारण आगामी दिनों में डेगू और महामारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट कैम्प की जनता को इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं से जवाब मांगना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सभासद दिलीप अधिकारी ने कहा कि भाजपा ने ट्रांजिट कैम्प की जनता को हमेशा छला है। कभी सांसद तो कभी विधायक और कभी मेयर यहां की जनता को छलते रहे हैं। हर चुनाव में ट्रांजिट कैम्प की जनता को बरगलाया जाता है लेकिन अब यहां की जनता जाग गयी है और एक एक कर हिसाब चुकता करेगी। इस अवसर पर पिंटू गांगुली, सुमित राय, राज चक्रवर्ती, मिलन सिकदार, अंगद भारद्वाज, मोहन भारद्वाज, मधु सिकदार, उमा देवी, ममता रानी, दीपक किरतनिया, रोबिन विश्वास, सुनील आर्या, बाबू विश्वकर्मा, उमाशंकर, जयंत तरफदार, नव कुमार साना,मानव बैरागी, अजीत सरकार, वासु शाहा, रामपद विश्वास, परिमल सरकार, सतीश कुमार, इदरीश गोला, अमन जौहरी, संजीव रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# पिकप में खैर के 21 गिल्टों के साथ दो गिरफ्तार, दो फरार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने चोरी से लाये जा रहे खैर के 21 गिल्टों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष गदरपुर राजेश पांडे के नेतृत्व में अवैध कार्यों में लिप्त संदिग्धो की धर पकड़ व गिरफ्तारी हेतु चलाएं गए अभियान में सरदार नगर चौराहे पर उप निरीक्षक बसंत कुमार को सूचना मिली कि पिकप वाहन में पीपली जंगल से खेर तस्कर खेर की लकड़ी चोरी कर कैलाशपुर होते



हुए आने वाले है तभी तेज गति से आ रही पिकअप संख्या यूए 4बी 1496 को रुकने का इशारा किया लेकिन पिकअप चालक द्वारा गाड़ी को भगाने का प्रयास किया तो पुलिस टीम द्वारा चालक शाहिद अहमद एव बगल में बैठे आले हसन निवासी पत्थरकुईं गदरपुर को पकड़ लिया। पिकअप में पीछे बैठे दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए । पुलिस टीम ने गाड़ी का डाला खुलवाने पर उसमें खैर के 21 गिल्टे बरामद हुए। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ धारा 26 वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# लैपटॉप बरामद करने के बाद दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस की सक्रियता भी काबिले तारीफ हो गई है। पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशेड़ी युवक से लैपटॉप बरामद करने के पश्चात चोरी की घटना के बारह दिन बाद रपट दर्ज की है। महानगर में आए दिन चोर बंद घर को निशाना बनाकर हजारों लाखों चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। एक घटना में बारह दिन पूर्व परिवार शहर से बाहर गया था और इस बीच घर में दाखिल हुए चोरों ने हजारों की नगदी और लैपटॉप चोरी कर लिया था । जानकारी के अनुसार आरके टेंट रोड फेस वन इंद्रा कालोनी कुसुमखेड़ा निवासी मोहन महतोलिया पुत्र देवी दत्त महतोलिया 30 अगस्त को शहर से बाहर गए थे। जब वह वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने कमरे में रखी अलमारी पर नजर डाली तो उसमें रखे 50 हजार रुपये और लैपटॉप गायब था। इस मामले की सूचना उन्होंने तुरंत आरटीओ चौकी पुलिस को दे दी थी। लेकिन पुलिस ने रपट दर्ज न कर फौरी जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के ही एक नशेड़ी युवक से चीरी हुआ लैपटॉप बरामद कर लिया। पुलिस ने अब 12 दिन बाद इस चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्व मंत्री बेहड़ ने सुनी जनता की फरियाद

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों से बात की। इस दौरान फरियादियों ने राशन कार्ड, पेंशन, बिजली, आर्थिक साहयता दिलाये जाने जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। वार्ड न०-09 गोविन्द विहार कलौनी से निवासी मदन लाल ,हेमा अरोरा ,मनोज गाबा ,नितिन अग्रवाल ने 230 मीटर



सड़क, वार्ड न०-18 से एन यूखान,सानू ,अबरार,आसिफ,फैजान,हामिद अली,मुजाहिद,अमीर अहमद आदि ने 60 मीटर सड़क निर्माण कराने, अब्दुल, रफीक,मो राशिद ,मो आरिफ, इम्तियाज मालिक आदि सोनेरा मल्लपुरा में 11000 वोल्ट विद्युत लाइन की शिफ्टिंग कराने,पन्तनगर निवासी प्रभाकर जोशी ने पंतनगर परिसर में बेनी स्थित शमशान घाट से सम्बंधित निर्माण कार्यो को कराने,नारायण सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी नजीमाबाद ने आर्थिक साहयता ,मीना पत्नी राम अवतार निवासीचकोनी ने पुत्री के विवाह हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक साहयता दिए जाने की मांग की। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना अधिकाँश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष बची समस्याओं का निस्तारण हेतु सबको आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हरहाल में निस्तारण किया जायेगा।


